तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 मंत्रोच्चार के साथ 51 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में



## खबर संक्षेप

### राजीव गांधी ऑडिटोरियम में श्रमिक सम्मेलन आज

**कोरबा।** श्रम विभाग द्वारा जिले के श्रमिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 18 फरवरी को प्रातः 11 बजे से राजीव गांधी ऑडिटोरियम में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल द्वारा संचालित श्रमिक हितैषी योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएँ अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुँचाने हेतु आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सांसद, कोरबा लोकसभा, श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा डॉ. पवन कुमार सिंह तथा सभापति नूतन सिंह ठाकुर सम्मिलित होंगे।

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 22 को

**कोरबा।** छ.ग. लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 का आयोजन 22 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक दो पाली में किया गया है। इस परीक्षा में जिले में 3904 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिनके लिए 11 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु 4 उड़न दस्ता दल गठित किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु आवश्यक सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालिक दण्डाधिकारी की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों में लगाई गई है। उक्त परीक्षा से संबंधित ब्रिफिंग 20 फरवरी को शासकीय ईविपीजी कालेज कोरबा में अपरांह 12 बजे से नोडल अधिकारी द्वारा दी जायेगी। सर्व संबंधितों को ब्रिफिंग में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया गया है।

### आकृति महिला समिति ने बांटे व्हील चेयर, वाकर

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मण्डल एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के कुशल मार्गदर्शन में आकृति महिला समिति, जिला सेंट्रल वर्कशॉप सेंट्रल स्टोर्स द्वारा मंगलवार को दादर गाँव में जरूरतमंद एवं गरीब विकलांग लक्ष्मीनारायण यादव एवं बालिश ढेडे तथा संतोष पटेल एवं सुश्री सुनीता को चलने-फिरने में सहायक बनकर आवश्यकतानुसार उन्हें क्रमशः व्हील चेयर एवं वाकर दिया गया। साथ ही ग्रामीण व बच्चों को बिस्किट एवं चाकलेट बांटा गया। इस अवसर पर आकृति महिला समिति, सेंट्रल वर्कशॉप-सेंट्रल स्टोर्स, कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती नम्रता द्विवेदी, सदस्य श्रीमती सीमा राव, श्रीमती श्रद्धा गुप्ता, श्रीमती प्रभाति पटुवा एवं लक्ष्मी प्रसाद आदि उपस्थित रहीं।

### सीएसपीडीसीएल जूनियर क्लब की व्यवस्था पर उठा सवाल

**कोरबा।** सीएसपीडीसीएल के अधीन संचालित जूनियर क्लब की व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है। क्लब परिसर में नियमित साफ-सफाई नहीं होने तथा खेल गतिविधियों में व्यवधान की शिकायतें सामने आई हैं। जानकारी के अनुसार बैडमिंटन खेलने आने वाले युवाओं को कई बार स्वयं ही कोर्ट और आसपास की सफाई करनी पड़ती है। खिलाड़ियों का कहना है कि परिसर में धूल और गंदगी रहने से खेल प्रभावित होता है और असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा यह भी आरोप है कि कई अवसरों पर बिना पूर्व सूचना के क्लब के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाता है, जिससे खेलने पहुंचे खिलाड़ियों को वापस लौटना पड़ता है। इस स्थिति से खिलाड़ियों में असंतोष है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित प्रबंधन से नियमित साफ-सफाई, निर्धारित समय-सारणी और क्लब संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

# पांच माह से पीडीएस दुकान संचालकों को नहीं मिली है मार्जिन मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पिछले पांच माह से पीडीएस दुकानदार अपने मार्जिन मनी के लिए खाद्य विभाग का चक्कर काट रहे हैं। उनकी मानें तो बिलासपुर जिले में दुकान संचालकों को मार्जिन मनी का वितरण किया जा चुका है लेकिन कोरबा जिले में अक्टूबर महीने से पीडीएस दुकान संचालकों को मार्जिन मनी नहीं मिली है। इससे दुकान संचालन की व्यवस्था करने में समस्या खड़ी हो रही है। दुकान संचालकों के अनुसार मार्जिन मनी ना मिलने की स्थिति पर वितरण बंद करने का निर्णय लेना पड़ सकता है।

जिले में खाद्य विभाग के अंतर्गत 400 पीडीएस दुकानें संचालित हैं। जिनमें 70 दुकानें शहरी क्षेत्र में चल रही हैं। इन दुकानों के माध्यम से जिले के 3 लाख 12 हजार राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। इसके एवज में पीडीएस दुकान संचालकों को 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मार्जिन मनी दी जाती है। उक्त मार्जिन मनी से ही पीडीएस दुकान संचालकों के द्वारा कर्मचारियों के वेतन से लेकर अपने अन्य खर्चे निपटाए जाते हैं। उक्त मार्जिन मनी पिछले अक्टूबर माह से पीडीएस दुकान संचालकों को नहीं मिली है। इसको लेकर पीडीएस संचालकों का प्रतिनिधिमंडल खाद्य विभाग के अधिकारियों से भी मिल चुका है लेकिन इसके लिए उन्हें केवल विभाग के अधिकारियों के द्वारा महज आश्वासन दिए जाने से दुकान संचालकों में आक्रोश पनपने लगा है। उन दुकान संचालकों ने मार्जिन मनी ना मिलने के कारण खाद्यान्न वितरण को बंद करने की भी मंशा बना रहे हैं। जिले में सबसे अधिक 2 लाख 22 हजार बीपीएल राशन कार्डधारी हैं। वहीं एपीएल राशन कार्डधारियों की संख्या भी 70 हजार से अधिक हो चुकी है।

## वितरण बंद करने का हो सकता है निर्णय

**खास बातें**

- 30 रुपए प्रति क्विंटल की दर से मिलती है मार्जिन मनी
- चक्कर काट रहे हैं खाद्य विभाग के दुकान संचालक



### खाद्य विभाग नहीं भेज रहा डाटा

खाद्य विभाग के द्वारा मार्जिन मनी के लिए प्रतिमाह एक डाटा नागरिक आपूर्ति निगम को भेजता है और वहां से राशि जारी होती है लेकिन खाद्य विभाग के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम को समय पर डाटा ही नहीं भेजा जा रहा जिसकी वजह से पीडीएस दुकान संचालकों को मिलने वाली मार्जिन मनी का भुगतान रुका हुआ है। जबकि विपणन विभाग के द्वारा खाद्य विभाग को डाटा भेजने के लिए कई बार पत्र भी लिखा गया है उसके बावजूद नागरिक आपूर्ति निगम तक खाद्य विभाग का डाटा नहीं पहुंचा है।

## सक्ती जिले के चावल से भरे जा रहे हैं नान के गोदाम

# नान के कटघोरा और पाली गोदाम में राइस मिलर्स समय पर नहीं कर रहे चावल जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चावल का संकट बना हुआ है। कटघोरा और पाली में स्थित नान के गोदामों में क्षेत्रीय राइस मिलर्स के द्वारा चावल जमा करने में लापरवाही बरती जा रही है। चावल की व्यवस्था करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को सक्ती जिले से चावल की आपूर्ति करनी पड़ रही है तब जाकर चावल की व्यवस्था की जा सकी है।

**खास बात**

- विपणन और खाद्य विभाग मिलर्स को नोटिस जारी कर कर रहे हैं खानापूर्ति

राइस मिलरों की लापरवाही का नतीजा है कि जिले में खड़ा हुआ चावल का संकट समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। विपणन विभाग एवं खाद्य विभाग के द्वारा राइस मिलर्स पर दबाव नहीं बनाए जाने के परिणाम स्वरुप मांग के अनुरुप चावल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। अब तक किसी भी राइस मिलर्स के खिलाफ किसी भी तरह की कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की गई है। जबकि जिले को दूसरे जिले के चावल के ऊपर निर्भर रहना पड़ रहा है। प्रतिमाह 1 लाख 20 हजार क्विंटल चावल की खपत होती है और फरवरी महीने में नान के गोदाम में 60 हजार क्विंटल ही चावल का भंडारण हुआ है। इतनी कम मात्रा में भंडारण होने के कारण चावल वितरण में विसंगति सामने आ रही है। सभी हितग्राहियों को उनके हिस्से का चावल मिलने की बात अधिकारी कहते जरुर हैं लेकिन मैदानी स्तर पर दुकान संचालन करने वाले पीडीएस दुकानदार की मानें तो उनकी मांग के अनुरुप चावल की आपूर्ति भी नहीं हो पा रही है। जिससे वर्तमान में केवल बीपीएल हितग्राहियों को ही चावल मिल पा रहा है। एपीएल के हितग्राहियों को चावल के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। पीडीएस दुकान संचालकों को भी एपीएल कोटे के चावल का इंतजार बना हुआ है।


फाइल फोटो

### चावल भंडारण का काम चल रहा है

नान के गोदामों में चावल के भंडारण कार्य किया जा रहा है। पाली और कटघोरा के गोदाम में कुछ समय के लिए दिक्कत बनी हुई थी जिसे व्यवस्थित कर लिया गया है। चावल की कमी नहीं होने दी जाएगी। भंडारण कार्य चल रहा है।

**- प्रमोद जांगड़े,** जिला प्रबंधक नान

### सप्लाई एजेंसी पर भी उठे सवाल

नान के गोदाम में भले ही पर्याप्त मात्रा में चावल ना तो उनकी सप्लाई भी पीडीएस दुकान के गोदामों तक समय पर नहीं हो पा रही है। प्रत्येक महीने की 7 तारीख को चावल उत्सव मनाने की तैयारी करने वाले जिला प्रशासन की मंशा को नान के ठेकेदार ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। मापदण्डों के अनुरुप जितनी गाड़ियां ठेकेदार को लगाना चाहिए उतनी गाड़ियों की व्यवस्था ठेकेदार के द्वारा नहीं किए जाने के कारण जो चावल गोदाम में उपलब्ध है वह भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### किसी भी मिलर्स पर बड़ी कार्यवाही

चावल के संकट से जूझने वाले जिला प्रशासन की ओर से किसी भी राइस मिलर्स के खिलाफ कोई बड़ी कार्यवाही नहीं की गई है। एक तरफ मिलर्स धान का उठाव भी नहीं कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कटघोरा और पाली में चावल जमा करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। विपणन विभाग और खाद्य विभाग के ऊपर इनके मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी है और दोनों विभागों के द्वारा नोटिस जारी कर खानापूर्ति की जा रही है।

# दो साल के मासूम का शव मिला गोबर गैस के चेंबर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


मृतका

अपने दादा दादी के पास रह रहे एक दो वर्षीय अचानक लापता हो गया था। जिसका परिजनों ने सूचना पुलिस को दी थी और संभावना जतायी जा रही थी कि घर से लगे कुंए में या फिर गोबर गैस के बनाए गए चेंबर में मासूम की गिरने की संभावना जतायी गई थी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने मंगलवार की सुबह मासूम बच्चे की तलाश शुरु की जहां गोबर गैस के चेंबर से मासूम के शव को बरामद कर लिया गया। वहीं मासूम बच्चे के माता पिता तमिलनाडु गए हुए हैं जहां से लौटने के बाद बुधवार को मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी और शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

**खास बातें**

- दर्री थाना क्षेत्र के ग्राम बरेलीमुड़ा का मामला
- तमिलनाडु से माता पिता के आने के बाद मासूम का होगा पीएम

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरेड़ीमुड़ा निवासी लक्ष्मी नारायण कंवर और उनकी पत्नी मजदूरी के लिए विगत तीन महीने से तमिलनाडु गए हुए हैं। उनका लगभग दो वर्षीय पुत्र हर्ष कंवर गांव में अपने दादा प्रमोद कंवर और बुआ रिंकी के साथ रह रहा था। बताया जा रहा है कि सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे तक बच्चा घर के आसपास खेल रहा था। उसी दौरान बुआ घरेलू काम में व्यस्त थी और दादा बाड़ी में नहाने गए थे। जब दादा नहाकर लौटे और पोते को खाना खिलाने के लिए आवाज दी, तो वह कहीं नजर नहीं आया। इसके बाद घर और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की गई। ग्रामीणों से भी पूछताछ की गई, लेकिन बच्चे का कोई सुराग नहीं मिला। अंततः परिजनों ने दर्री थाना में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। पूरी रात परिजन और ग्रामीण बच्चे की तलाश में जुटे रहे। मंगलवार सुबह आशंका के चलते परिजन घर की बाड़ी में बने गोबर गैस चेंबर के पास पहुंचे। अंदर झांकने पर बालक दिखाई दिया। तत्काल उसे बाहर निकाला गया, लेकिन संकरे चेंबर में गिरकर फंसे मासूम की सांस थम चुकी थी। दर्री थाना प्रभारी आशीष सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मासूम के माता पिता को दे दी गई है। वे तमिलनाडु से कोरबा के लिए रवाना हो चुके हैं बुधवार को कोरबा आने ⏭ शेष पेज 3 पर

# दो युवतियों की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में दो अलग अलग क्षेत्रों में दो युवतियों ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**

- मां की मौत से क्षुब्ध थी युवती, जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र का मामला

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धमनागुड़ी मौहर में घटित हुई है। जानकारी के अनुसार ग्राम धमनागुड़ी मौहर निवासी 16 वर्षीय गीता महंत सुबह लगभग 9 बजे घर से नहाने के लिए तलाब जाने के लिए निकली थी। काफी समय होने के बाद गीता महंत तालाब से वापस नहीं आयी तो परिजन उसे खोजने तालाब की ओर गये इसी दौरान परिजनों की नजर तालाब किनारे कोसम पेड़ पर फांसी के फंदे पर गीता महंत की लटकती लाश देखकर उनके होश उड़ गए। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा कार्यवाही की।

पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस के प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि युवती की मौत कैसे और किन कारणों से हुई है। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान यह बात सामने आयी है कि गीता महंत की मां की मौत बीते सितंबर माह में हुई थी मां के मौत के बाद से गीता काफी क्षुब्ध रहने लगी थी, संभावना जतायी जा रही है कि मां की मौत के गम के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है।

दूसरी घटना कोतवाली थाना के इंदिरा नगर दुरपा में घटित हुई है यहां निवासरत दिलीप कंवर की 18 वर्षीय पुत्री अंजली कंवर ने मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे अपने घर में चुनरी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि इस दौरान अंजली घर पर अकेले थी। जब उसका भाई लगभग 9.30 बजे घूमकर अपने घर लौटा तो उसने अपनी बहन को फांसी के फंदे में झूलता देख आनन फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा गया और उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# युवक ने अपने ही गले पर चलाया चाकू, फिर कूद गया कुंए में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक ने पहले तो अपने गले पर चाकू चला दिया और फिर जब दर्द हुआ तो घर से निकाल कर एक कुंए में कूद गया। लोगों ने उसे कुंए से बाहर निकाला तो युवक फिर भाग निकला। किसी तरह उसे पकड़कर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया उसका उपचार जारी है। बताया जाता है कि युवक के गले में गंभीर चोट लगी है।

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज में चल रहा उपचार, बयान के बाद स्पष्ट होगी वस्तुस्थिति


घायल का उपचार करते चिकित्सक।

सिविल लाइन थाना कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेंदरकोना निवासी 25 वर्षीय रामकृष्ण के परिजनों ने बताया कि रामकृष्ण ने सुबह अपने गले पर खुद ही चाकू चला दिया जिससे उसका गला कट गया और खून निकलने लगा जब युवक को दर्द हुआ तो वह घर से निकलकर घर के समीप कुंआ में कूद गया। परिजनों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने रामकृष्ण को किसी तरह कुंए से बाहर निकाला लेकिन जैसे ही रामकृष्ण कुंआ से बाहर निकला फिर भागने की कोशिश करने लगा। ग्रामीणों के द्वारा किसी तरह रामकृष्ण को पकड़कर जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बतायी जा रही है। पुलिस का कहना है कि रामकृष्ण का बयान कलमबद्ध नहीं हो पाया है। बयान दर्ज होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि मामला क्या है।

## कमेटी की जारी रिपोर्ट में 60 हजार की जगह 1 लाख 80 हजार के शुरुआती वेतनमान की सिफारिश

# कोल इंडिया भर्ती-प्रमोशन नीति पर जारी कमेटी रिपोर्ट से बढ़ा संशय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में भर्ती और पदोन्नति की अधिसूचनाओं में हो रही देरी के बीच एक महत्वपूर्ण कमेटी रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट ने उन अटकलों को और तेज कर दिया है कि प्रबंधन पूरी भर्ती संरचना और वेतनमान को बदलने की तैयारी में है।

हालिया कमेटी रिपोर्ट के अनुसार, सीआईएल में अधिकारियों के वेतन ढांचे को अन्य महारत्न और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बराबर लाने की सिफारिश की गई है। रिपोर्ट के अनुसार कमेटी ने सिफारिश की है कि सीआईएल में अधिकारियों की सीधी भर्ती अब 60 हजार से 1 लाख 80 हजार के शुरुआती वेतनमान में होनी चाहिए। कमेटी सीआईएल बोर्ड द्वारा 30 अगस्त 2023 को प्रस्तुत उस प्रस्ताव के पक्ष में है जो अन्य सीपीएसईएस के साथ वेतन विसंगतियों को दूर करने के लिए बनाया गया है। अधिकारियों और गैर-अधिकारियों के बीच वेतन संरचना में अंतर का मुख्य कारण रिवीजन की अलग-अलग समय अवधि रही है। भले ही कमेटी रिपोर्ट 60 हजार के बेहतर वेतनमान की बात कर रही है, लेकिन कर्मचारी इस बात से चिंतित हैं कि क्या इस प्रक्रिया की आड़ में पुराने नोटिफिकेशन और चार वर्षीय ग्रेड प्रगति को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा। कर्मचारियों और अभ्यर्थी संगठनों का कहना है कि महारत्न कंपनी होने के नाते सीआईएल को अपनी नीति और नियत स्पष्ट करनी चाहिए।

यदि नया वेतनमान और ग्रेड संरचना लागू होनी है, तो इसे बिना किसी देरी के लिखित दिशा-निर्देशों के साथ सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि किसी का भविष्य अनिश्चित न रहे। वेतन वृद्धि स्वागत योग्य है, लेकिन यह पदोन्नति के अवसरों और नीतिगत स्पष्टता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। वर्तमान लंबित नोटिफिकेशंस को रद्द कर सीधे ई-1 स्तर की नई नीति थोपी जाएगी? क्या वेटिंग लिस्ट से हो रही भर्तियां अनुभवी उम्मीदवारों के अवसरों को कम कर रही हैं?



फाइल फोटो

# यूपीएससी मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले राज को मिली 1 लाख की प्रोत्साहन राशि

**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मानसनगर निवासी राज पटेल को सम्मानित करते हुए 1 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि महापौर सम्मान निधि से प्रदान की। वार्ड क्र. 19 मानसनगर कोरबा के रहने वाले राज पटेल ने संघ लोकसेवा आयोग द्वारा 22 से 31 अगस्त तक आयोजित मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी यह उपलब्धि कोरबा के लिये गौरव का विषय है। आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित अपने कक्ष में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने राज पटेल को उनकी इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया तथा महापौर सम्मान निधि से 01 लाख रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। इस मौके पर राज पटेल की माँ श्रीमती शकुंतला पटेल व उनके परिजन, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, महापौर के निज सहायक सचिन तिवारी, संजय झा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।


प्रोत्साहन राशि प्रदान करती महापौर।


JEE में भी रिकॉर्ड SELECTION का भरोसा – ACHARYA INSTITUTE
50+ विद्यार्थियों के JEE ADVANCED क्वालिफाई करने की प्रबल संभावना, ACHARYA INSTITUTE ने फिर दिखाई अपनी ACADEMIC STRENGTH
JEE MAIN RESULTS 2026 SESSION -I
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
NAITIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
ADYA GUPTA 99.75 %ile PHY: 99.40 CHE: 99.16 MATH: 99.72
PRASANN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.31 %ile PHY: 95.21 CHE: 97.04 MATH: 99.13
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87
SHREEJAN SWARNKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
YASH CHANDANI 97.70 %ile PHY: 96.93 CHE: 97.68 MATH: 93.06
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49
RAGHAV SINGH 96.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile CHE: 96.13 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94
ADITYA JAIN 94.90 %ile
ADITI KRISMUCS 94.82 %ile PHY: 93.17 CHE: 95.03
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile MATH: 97.22
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile MATH: 96.95
SUBHIKSHA AGARWAL 89.00 %ile
YOGYATA BHARGAV 87.60 %ile
OM VERMA 86.99 %ile
MOKSHA TIWARI 86.27 %ile
ANUSHKA P BARPANDE 85.54 %ile
NAITIK DEWANGAN 84.85 %ile
CHEHAL 84.30 %ile
DHWANI AGRAWAL 83.27 %ile
SIDDHANT TRIPATHI 82.77 %ile
GITIKA 82.05 %ile
SAMRIDDHI TRIPATHI 82.00 %ile
PRANITA 80.05 %ile
BEST IIT JEE RESULTS OF ACHARYA INSTITUTE
SHRISHTI GUPTA 98.23 %ile PHY: 99.85 CHE: 96.56 JEE 2024 NEET UG 2024 710/720 AIIMS BHOPAL
GUNJAN MISHRA 99.59 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 NEET UG 2024 705/720 AIIMS HYDERABAD
AKUL SONI 99.84 %ile AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2025 IIT GUWAHATI
SATYANSHU 98.78 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2025 NIT NAGPUR
DIVYANSH AGRAWAL 99.83 %ile 1 RANK IN CGPET 2023 JEE 2023 IIT BOMBAY
MAHI KALWANI 99.64 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024 MNNIT ALLAHABAD
KARISHMA SINGH JEE ADV.AIR 776 AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2024 IIT KANPUR
PRADYUMNA CHIPDE 98.25 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2024 NIT RAIPUR
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION 2026-27
FOUNDATION BATCH CLASS 6th-10th
NURTURE BATCH 11th & 12th NEET / JEE
TEST SERIES FOR NEET 2026
DROPPER BATCH 11th & 12th NEET / JEE
CRASH COURSE NEET ENGLISH MEDIUM & HINDI MEDIUM
SUMMER COURSE
8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM
STARTING FROM MAY 1ST WEEK 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप



### वन्यप्राणियों की सुरक्षा, अग्नि प्रबंधन एवं ग्रामीणों की सहभागिता पर जनजागरूकता कार्यशाला

**कोरबा।** वनमण्डलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव के निर्देशन में वन परिक्षेत्र पसरखेत के ग्राम कोल्गा के देवगुड़ी चौरा में अग्नि सीजन में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा हेतु अग्नि प्रबंधन एवं ग्रामीणों की सहभागिता के संबंध में विशेष जनजागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उप वनमण्डलाधिकारी दक्षिण वन परिक्षेत्र अधिकारी पसरखेत, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुदमुरा, वन परिक्षेत्र अधिकारी करतला, टिकेश्वर सिंह राठिया समाज प्रमुख, जनपद सदस्य महेन्द्र राठिया, क्षेत्र क्रमांक 19, सरपंच कोल्गा संतराम राठिया, सरपंच प्रतिनिधि फुलसरी चमरासिंह कंवर, सरपंच सोलवां किशन सिंह राठिया, उपध्यक्षा श्रीमती सपना राठिया एवं ग्राम कोल्गा के ग्राम बैगा, मदनपुर शासकीय हाईस्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकवृन्द नोवा नेचर चेलफेयर सोसायटी के संस्थापक एम. सूरज, जितेन्द्र सारथी एवं उनकी पूरी टीम, विज्ञान सभा के दिनेश (वनस्पति विशेषज्ञ), वन परिक्षेत्र पसरखेत, कुदमुरा एवं करतला के अनुवभी फिल्ड स्टाफ की टीम साथ ही परिक्षेत्र अंतर्गत कार्यरत फायर वाचर्स एवं अन्य सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान अग्नि प्रबंधन एवं नियंत्रण विषय पर विस्तृत चर्चा-परिचर्चा एवं जंगलों की सुरक्षा पर स्थानीय जनमानस की सहभागिता सुनिश्चित करने प्रस्तुतीकरण किया गया। मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किये, जिससे आस-पास का वातावरण उत्साहित हुआ। इस दौरान वन आधारित लघु प्रश्नोउत्तरी का आयोजन कर सही उत्तर बताने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरित किया गया। उपवनमण्डलाधिकारी सूर्यकांत सोनी ने जनसमूह को वन संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण के साथ अग्नि बचाव के लिये शपथ दिलाया गया।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन आज

**कोरबा।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 18 फरवरी को जनपद पंचायत करतला के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करतला, विकासखंड करतला अंतर्गत समस्त प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह जनपद पंचायत करतला अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक किया जायेगा।

# एक सप्ताह के अंदर सीटीपीटी में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

निगम आयुक्त ने निगम क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की देखरेख व संचालन करने वाली एंजेसी एवं निगम के अधिकारियों को कडे. अल्टीमेटम देते हुए निर्देशित किया है कि वे सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों में एक सप्ताह के अंदर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें, अन्यथा अव्यवस्था के लिए जवाबदारी तय कर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने साफ-सफाई कार्यों में कसावट लाते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य सुनिश्चित करने, शत प्रतिशत घरों से त्रुटिरहित डोर-टू-डोर अपशिष्ट का संग्रहण कराने तथा सीएण्ड डी वेस्ट फैलाने एवं अवैध कब्जा व अतिक्रमण पर निरंतर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों की टीम के साथ टीपी नगर जोन के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था व किए जा रहे सफाई कार्यों, सीटीपीटी की व्यवस्थाओं आदि का आकस्मिक निरीक्षण किया। जहां टीपीनगर स्थित नया बस स्टैण्ड के सार्वजनिक शौचालय व पिंक टायलेट का सघन रूप से अवलोकन करते हुए वहाँ की व्यवस्थाओं के संबंध में संचालन एंजेसी व अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए एक सप्ताह के अंदर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने, शौचालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के कडे.निर्देश दिए। लालूराम कालोनी तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ की सफाई व्यवस्था व स्थल पर किए जा रहे साफ-सफाई कार्यों का निरीक्षण किया, उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि साफ-सफाई कार्यों में और अधिक कसावट लायें तथा शत प्रतिशत घरों से डोर-टू-डोर अपशिष्ट का संग्रहण अनिवार्य रूप से किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में कहीं पर भी नया अतिक्रमण न होने पाये, अतः अवैध कब्जा व अतिक्रमण पर सतत नजर रखें तथा जहाँ कहीं भी अतिक्रमण व अवैध कब्जे का प्रयास हो रहा हो उस पर तत्काल रोक लगाएं।

### टीपीनगर जोन के विभिन्न स्थलों का किया औचक निरीक्षण

**खास बातें**

- डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए दिया गया जोर
- टीपी नगर बस स्टेंड स्थित पिंक टॉयलेट का किया निरीक्षण



## कृषि चौपाल में किसानों को योजनाओं से लाभान्वित करने और मार्गदर्शन सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

# ग्रामीण हितग्राहियों को जोड़ते हुए सोलर पैनल स्थापना में लाएं तेजी : दुदावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए और विभागीय समन्वय के साथ लक्षित प्रगति हासिल की जाए।

बैठक में कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जिले में सोलर पैनल स्थापना की गति बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को वेंडर्स की नियमित बैठक लेने, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें योजना से जोड़ने तथा स्वीकृत प्रकरणों में शीघ्र सोलर पैनल स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे



बैठक लेते कलेक्टर व उपस्थित अधिकारी।

शिविर की प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य अमला को शिविर अथवा डोर-टू-डोर जाकर आयुष्मान भारत योजना, व्यवंदन कार्ड एवं आभा आईडी निर्माण के छूटे हितग्राहियों का शत प्रतिशत आईडी बनाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सिकलसेल, गैर-संचारी रोग, डायबिटीज और हाइपरटेंशन की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने सभी पंचायतो में छूटे हुए हितग्राहियों का पहचान कर लक्षितों को लाभान्वित करने के लिए कहा। कलेक्टर ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस हेतु बैंकर्स की नियमित बैठक आयोजित कर लंबित प्रकरणों में ऋण स्वीकृति सुनिश्चित कराने की बात कही। साथ ही बंद हो चुकी योजनाओं के अंतर्गत विभागों के बैंक खातों को बंद कराने के निर्देश भी दिए।

### गांव के चौपाल को प्रभावी बनाने अधिकारियों को दिए निर्देश

ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित कृषि चौपालों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक चौपाल को प्रभावी एवं लक्ष्य-उन्मुख बनाया जाए तथा अधिक से अधिक किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ फार्मर आईडी निर्माण, एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन, संयुक्त खाताधारक परिवारों को भी एग्रीस्टेक में पंजीकृत कराने, पीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित कराने, केसीसी निर्माण एवं मृदा स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्य प्राथमिकता से किए जाएं। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि कृषि चौपाल में किसानों को खरीफ फसल, दलहन, तिलहन, पाम ऑयल एवं बागवानी फसल के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन देने, अधिकाधिक किसानों को एफपीओ से जोड़ने तथा शिविर के दौरान अन्य योजनाओं के लिए पात्र किसानों का चयन भी सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण किसानों को समग्र रूप से लाभ मिल सके।कलेक्टर ने 20 फरवरी को आयोजित होने वाले चावल उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## स्व. केशव लाल मेहता की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता एक अच्छी परंपरा : संजूदेवी



महापौर का सम्मान करते प्रेस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले किसी व्यक्ति को इस प्रकार से श्रद्धांजलि देना एक महत्वपूर्ण बात है। प्रेस के लोग मिलजुलकर इस आयोजन को सफल बनाते हैं। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित स्व केएल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता जिले में स्थित सभी औद्योगिक उपक्रमों की टीम के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रेस क्लब के माध्यम से अपने पत्रकारिता की क्षेत्र के अलावा अनेक आयोजन किए जाते हैं, हमारे वरिष्ठ पत्रकार स्व. केशव लाल मेहता की स्मृति में प्रतिवर्ष क्रिकेट का प्रतियोगिता किया जाता है जो एक अच्छी परंपरा है।

उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि महापौर संजूदेवी राजपूतन ने घंटाघर में आयोजित स्व. केशव लाल मेहता क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर स्व. मेहता जी हमारे वरिष्ठ पत्रकार एवं शहर के नागरिक थे जो आज हमारे बीच नहीं है, हर साल उनके स्मृति में कार्यक्रम के आयोजन से उनके स्मरण का मौका और उनके बताए गए मार्गों पर चलने की प्रेरणा मिलती है कि उन्होंने कैसे काम किया। वैसे भी खेल के माध्यम से आपसी भाईचारा-प्रेम बढ़ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम सभापति नूतन सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वार्ड पार्षद पंकज देवांगन मंचस्थ रहे। महापौर श्रीमती राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता शुरू की। शुभारंभ के साथ सोमवार की शाम पहला मैच एसईसीएल कोरबा एरिया और सीएसपीडीसीएल कोरबा के बीच खेला गया।

# पाली महोत्सव ने कोरबा की सांस्कृतिक विरासत को दी नई ऊंचाई : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली महोत्सव कोरबावासियों के लिए गौरव की बात है। पाली का यह ऐतिहासिक महोत्सव निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है और क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत कर रहा है। महाशिवरात्रि के अवसर पर पाली शिव मंदिर घाट में शिव आरती, गंगा आरती, श्रीराम आरती एवं दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। प्रदेश में विकास कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव भी पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। राज्य की निरंतर उन्नति और प्रगति के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं।

**खास बातें**

- भक्ति और संस्कृति के संगम पाली महोत्सव का हुआ समापन
- मंत्री श्री देवांगन ने समापन अवसर पर विकास योजनाओं का किया ऐलान

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पाली में आयोजित दो दिवसीय पाली महोत्सव के समापन समारोह के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अगुवाई में राज्य निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने की सड़क चौड़ीकरण और स्ट्रीट लाइट की घोषणा की। साथ ही पाली में पर्यटन की दृष्टि से और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए पाली के शिव मंदिर से कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण तथा मुख्य मार्ग से डुमरकछार शिव मंदिर तक स्ट्रीट लाइट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र में सुगम आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित होगी और नागरिकों को सुविधा मिलेगी। समरोह में सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरण दास महंत ने कहा कि महाशिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर दिशा देने का संदेश है। भगवान शिव की आराधना हमें कठिनाइयों से संघर्ष करना, धैर्य रखना और आत्मबल के साथ आगे बढ़ना सिखाती है। उन्होंने कहा कि शिव अनादि और अनंत हैं, वे सदानंद स्वरूप हैं। देश के 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव को एक सूत्र में बांधते हैं और यह हमारी आध्यात्मिक एकता के प्रतीक हैं। शिव की साधना व्यक्ति को विकारों से दूर कर विराट चेतना की ओर ले जाती है। कार्यक्रम को पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरासिंह, कलेक्टर कुणाल दुदावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, पुरुषोत्तम कंवर, मोहितराम केरकेट्टा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, अध्यक्ष नगर पंचायत पाली अजय जायसवाल, श्रीमती गिरजा सत्यनारायण पैकरा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, एसडीएम पाली रोहित कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं भारी संख्या में आमनागरिक उपस्थित थे।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।




समापन अवसर पर उपस्थित मंचस्थ अतिथि।

### छत्तीसगढ़ी और बॉलीवुड सितारों ने रचा रंगारंग मंच

पाली महोत्सव के समापन समारोह रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक छटा, भक्ति और संगीत का अद्भुत समागम दर्शकों के सामने बिखरा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकार अनुज शर्मा और दीपक साहू ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों को प्रभावित किया। साथ ही बॉलीवुड की मधुर स्वर की धनी कनिका कपूर ने अपनी लोकप्रिय धुनों से समारोह को और भी यादगार बना दिया। समापन अवसर पर स्थानीय कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने महोत्सव को जीवंतता और उत्साह से भर दिया। उपस्थित सभी दर्शक इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का हिस्सा बनकर आनंदित हुए और इस महोत्सव की यादें हमेशा के लिए संजो ली।

### बालको ने पाली महोत्सव में प्रदर्शित किया सामुदायिक विकास का मॉडल

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने दो-दिवसीय पाली महोत्सव में अपनी सशक्त सामाजिक भागीदारी के साथ अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रदर्शनी के माध्यम से बताया कि औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ सामुदायिक विकास भी उसकी प्राथमिकता है।महोत्सव के दौरान कई जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय समुदाय के लोगों बालको के प्रदर्शनी की हिस्सा बनें। बालको के स्टॉल का अवलोकन करते हुए उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने महिलाओं के स्व-सहायता समूहों, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहनीय बताया। वहीं सांसद ज्योत्सना मंहत ने आयोजन को क्षेत्र के लोगों के लिए उत्साह और सांस्कृतिक गौरव का केंद्र बताया तथा बालको के सामुदायिक विकास कार्यों पर स्व सहायता समूह की महिलाओं से बात की तथा कंपनी के उन्नति परियोजना की सराहना की। सामुदायिक विकास कार्यों के साथ ही स्टॉल में एल्यूमिनियम निर्माण प्रक्रिया के साथ-साथ सामाजिक विकास से जुड़ी पहल की भी सुंदर और सरल प्रस्तुति की गई। महोत्सव में बालको से जुड़ी स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार गोंकरा, लिपन, मिरर और म्यूरल आर्ट के साथ-साथ पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजनों ने आगंतुकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। यह पहल न केवल स्थानीय कला और खान-पान को मंच देती है, बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की दिशा में उठाए गए मजबूत कदमों को भी दर्शाती है।



पाली महोत्सव में उपस्थित बालको के सीएसआर विभाग के कर्मचारी।

### वार्डवासियों को मिले शुद्ध गुणवत्तापूर्ण पेयजल

**कोरबा।** आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने नगर निगम के जलप्रदाय विभाग के अधिकारियों व अभियंताओं को निर्देशित किया है कि वे यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि प्रतिदिन पाईप लाईन के माध्यम से आपूर्ति किये जाने वाला पेयजल पूर्णतः शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण हों तथा पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित पेयजल का निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सैम्पल लेकर नियमित जांच करायें,पाईप लाईन के विभिन्न अंतिम छोरों से नियमित रूप से लिये जा रहे पानी के सैम्पल व उसकी जांच से जुड़ी समस्त प्रक्रिया को पूरी सजगता व गंभीरता के साथ संपादित करायें, ओव्हरहैड टेंकों की स्वच्छता, पाईप लाईनों की मरम्मत, हैण्ड पम्पों के पानी का ट्रीटमेंट व आसपास की साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव आदि के कार्य एक अभियान के रूप में पूरा करें। निगम द्वारा रा-वाटर को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में उपचारित कर क्लोरिनयुक्त जल वार्ड व बस्तियों में आपूर्ति किया जाता है।

### शपथ पत्र

मैं भूपेन्द्र कुमार गुप्ता पिता-श्री झाडुराम गुप्ता, उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी-बनियापारा, नोनबिर्रा, तहसील-करतला, जिला-कोरबा छ०ग० आधार नं-6228 8027 7021 का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

2. यह कि, मेरी पुत्री अंशिका गुप्ता के नाम से नगर पालिक निगम कोरबा के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसका पंजीयन क्रं-B-202522901720001032 DATE 10-03-2025 है जिसमें पिता के कॉलम में मेरा नाम भूपेन्द्र गुप्ता दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम भूपेन्द्र कुमार गुप्ता है।

3. यह कि, मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम भूपेन्द्र कुमार गुप्ता पिता झाडुराम गुप्ता दर्ज है।

4. यह कि, मैं अपनी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में पता ग्राम नोनबिर्रा, तहसील-करतला जिला कोरबा छ०ग० के आगे पिन कोड नंबर दर्ज नहीं है जबकि कोरबा का पिन कोड नं- 495677 है।

5. यह कि, मैं अपनी पुत्री अंशिका गुप्ता के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में पिता के कॉलम में मेरा नाम भूपेन्द्र गुप्ता विलोपित कर उसके स्थान पर भूपेन्द्र कुमार गुप्ता दर्ज किया जावे एवं पता ग्राम नोनबिर्रा, तहसील-करतला जिला कोरबा छ०ग० का पिन कोड 495677 दर्ज किया जावे तत्पश्चात मेरी पुत्री का द्वितीय जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे।

6. यह कि, यह शपथ पत्र उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**भूपेंद्र कुमार गुप्ता**
**शपथकर्ता**

### सेना भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कोरबा।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी को जारी की गई है। अधिसूचना भारतीय सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक खुली रहेगी। आवेदन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमेन दसवी पास, ट्रेडमेन आठवी पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदो के लिए जारी किया गया है। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेंस परीक्षा 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है।

पृष्ठ 1 का शेष

### दो साल के...

कोरबा आने के बाद उनकी उपस्थिति में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी और शव को परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। संभावना जताया जा रहा है कि मासूम खेलते खेलते गोबर गौस के चेंबर में पहुंच गया था जहां दम घुटने से उसकी मौत हुई है। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

### शपथ पत्र

मैं प्रदीप सिंह पिता स्व मानक सिंह निवासी लालुराम कालोनी कोरबा तह व जिला कोरबा छ.ग होकर निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँ :-

1) यह कि मै उक्त पते पर निवासरत हूँ।

2) यह कि मेरी पुत्री Jasmeet Kour का जन्म दिनांक 16/03/2015 को हुआ है जिसके संबंध में जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है।

3) यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण में उसका नाम त्रुटिवश Jasmit Kaur दर्ज हो गया है जबकि मेरी पुत्री का सही नाम Jasmeet Kour है उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात मेरी पुत्री के नाम है।

4) यह कि मैं मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम Jasmeet Kour दर्ज करवाना चाहता हूँ।

5) यह कि उक्त के संबंध में भविष्य में कोई विवाद या परेशानी आती हैं तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

6) यह कि यह शपथपत्र उक्त आशय के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु मेरे द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।

**प्रदीप सिंह**
पिता स्व मानक सिंह
निवासी लालुराम कालोनी कोरबा तह व
जिला कोरबा (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार कटघोरा
जिला कोरबा (छ.ग.)

### ईश्तहार

रा.प्र.क. 202601051700018/
अ-6/2025-26
ग्राम सिंघाली प.ह.नं. 08
तहसील कटघोरा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भरतलाल पिता बाबूलाल वगै० निवासी ग्राम सिंघाली तहसील कटघोरा जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम सिंघाली में स्थित ख.नं. 58/1, 249/1, 274/1, 373/17, 445/1, 445/5 रकबा क्रमशः 0.234, 0.022, 0.144, 0.102, 0.285, 0.081 हे. भूमि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम पर राजस्व अभिलेखों में शामिलात खाते में दर्ज भूमि है। सहखातेदार भागवत प्रसाद पिता बाबूलाल का मृत्यु होने जाने के कारण राजस्व अभिलेख से मृतक का नाम विलोपित कर उनके वैध वारिसो का नाम राजस्व अभिलेखों में दुरूस्त किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति करना हो तो वह दिनांक 27/02/2026 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान - कटघोरा, दिनांकः-11.02.2026

**नायब तहसीलदार**
**कटघोरा**

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

KRISHNA IVF
FERTILITY & IVF CENTRE
कृष्णा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
नि:संतान दंपत्तियों के लिए उम्मीद की नई किरण
प्रक्रिया शुल्क मात्र 70,000/-
उपलब्ध सुविधाएं :-
फर्टिलिटी जाँच, IUI, IVF, ICSI, PICSI, ब्लास्टोसिस्ट, हिस्ट्रोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी, डोनर सर्विसेज।
9752435827
कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मंगलम् विहार, कोसाबाड़ी कोरबा (छ.ग.)

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### शैक्षणिक भ्रमण पर गए प्राइमरी स्कूल के छात्र

**कोरबा।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत प्राइमरी स्कूल के 20 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए भुनेश्वर उड़ीसा रवाना किया गया। सीईओ जिला पंचायत दिनेश नाग ने भ्रमण पर जाने वाले छात्रों और सहायक नोडल अधिकारियों को रवाना किया। रवाना होने वाले दल में जिले के सभी विकासखंड के छात्र शामिल हैं। प्रत्येक ब्लॉक से 4 छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए चयनित किया गया है। राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत पूरे प्रदेश से केवल प्राइमरी स्कूल के छात्रों का ही चयन कर उन्हें शैक्षणिक भ्रमण के लिए भेजा जाता है। इसी तारतम्य में कोरबा जिले के 20 छात्रों का दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए मंगलवार को रवाना किए गए। दल में शामिल छात्रों में कोरबा ब्लॉक से डिंपल अहिरवार, अमर यादव, पार्वती अस्थाना, पवन कुमार कौशिक, कटघोरा ब्लॉक से लोकेश, राज पटेल, उमेश, किशोर, पाली ब्लॉक से यासिका, जमनी महेश, सीमा पात्रे एवं ललित कश्यप शामिल हैं। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक से प्रशांत सिदार, प्राची जायसवाल, संजय पटेल, विध संेद्राम शामिल हैं। इनके साथ डिस्ट्रीक नोडल अधिकारी डॉ फरहाना अली, राजेश कुमार दुबे, प्रमोद कुमार राठौर, अखिलेश आदि शामिल हैं। छात्रों को रवाना करते समय जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय सहित शिक्षा विभाग एवं जिला पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

### बास्केटबॉल संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**कोरबा।** जिला बास्केटबॉल संघ की कार्यकारिणी की सोमवार को होटल गणेश इन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला ओलंपिक संघ के सुरेश क्रिस्टोफर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से संघ के नए पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में गोपाल नारायण सिंह को चेयरमैन, संजय पांडे को अध्यक्ष, शेख मोहम्मद जावेद को महासचिव तथा साजी टी जॉन को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही नई कार्यकारिणी में भागवत सिंह, शुभन पांडे, एम.एन. मूर्ति और सियाराम बंजारे को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सहसचिव पद पर मोहम्मद दानिश, सुनीता देवांगन, जानकी साहू, स्मिता सिंह, मनदीप तिवारी और दिब्येंदु मृधा को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में ओपी तिवारी, राजेश कुमार मिश्रा, पवन सिन्हा, पद्मनी साहू, मोहम्मद सद्दाम और हिरबश साहू निर्वाचित हुए। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने तथा जिले में बास्केटबॉल खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी अप्रैल माह में कोरबा जिले में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की महिला एवं पुरुष टीमों को आमंत्रित किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने की उठी मांग



**कोरबा।** बीएमएस से संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका संघ की बैठक में आंगनबाड़ी कर्मियों को शासकीय कर्मचारी घोषित करने एवं वेतन व सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिलाने के लिए मुद्दा उठा। बैठक को बीएमएस के पदाधिकारियों ने संबोधित भी किया। बैठक में आंगनबाड़ी कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर चर्चा हुई जिसमें सरकार की सभी तरह की योजनाओं का मैदानी स्तर पर अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इस मुद्दे पर चर्चा हुई। लगातार लंबे समय तक सेवा देने के बावजूद उन्हें शासकीय कर्मचारियों का दर्जा और उनके समान वेतन व अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही है। जबकि केंद्र और राज्य सरकार की महिलाओं और बच्चों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का संचालन योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उसके बावजूद उनकी मांगों पर शासन के द्वारा गंभीरता नहीं बरती जा रही है। बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मानदेय की जगह लिंकिंग वेज 24800 रुपए तथा सहायिका को 20300 रुपए प्रतिमाह भुगतान करने की मांग उठी। वर्तमान में केंद्र सरकार के द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट में भी इस संबंध में कोई प्रावधान नहीं रखा गया है। इन्हीं मुद्दे को लेकर 26 व 27 फरवरी को प्रदेशव्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।



मंच में आसीन स्वामी हरिहरानंद सरस्वती व अन्य।



कन्यादान करते हुए जजमान।

### स्वामी भजनानंद आश्रम केंदई में आयोजित 7 दिवसीय अनुष्ठान का समापन

# कर्दम तीर्थ में 51 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में

अजय धनोदिया ⏭ कटघोरा

कर्दम तीर्थ स्वामी भजनानंद आश्रम में एक सप्ताह से चल रहे विष्णु महायज्ञ के अंतिम दिन सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 51 जोड़ों ने सात फेरे लेकर एक दूसरे का दामन थामा। हवन आहुति एवं मंत्रोच्चार के साथ पुरोहितों ने पूरे विधि विधान से नवदंपत्तियों का विवाह संपन्न कराया। इस दौरान विवाह परिसर शंख ध्वनि और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। विवाह की इस बेला में आचार्य और जजमानों ने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।

45वां विष्णु महायज्ञ एवं 7 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का मंगलवार को वनवासी कन्याओं के सामूहिक विवाह के साथ समापन किया गया। इस दौरान सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, कोरबा, बलरामपुर, जशपुर, जिलों से आए कुल 51 जोड़े परिणय सूत्र में आबद्ध हुए जिन्हें महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महराज सहित उपस्थित गणमान्यजनों ने सफल जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कन्यादान करने के लिए प्रत्येक जोड़े के भक्त स्वरूप यजमान पूजन मंडप पर बैठे थे। यजमानों के अभिभावक बनकर वर वधु को विश्वास दिलाया कि वे ताउम्र उनके अभिभावक की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। विवाह की सभी रस्में पूरी होने के बाद उपस्थित सभी जोड़ों ने महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। महराज श्री ने सभी वर वधु को आशीर्वाद स्वरूप सायकल, मांग का टीका, कान की बाली, बिछिया, गद्दा, तकिया राशन के सामान, जरूरत की सभी बर्तन, टार्च, छाता, जूते चप्पल, साड़ी, पेटी व जरूरत के सभी सामानों के साथ विवाह के प्रमाण पत्र दिए। 9 फरवरी से प्रारम्भ हुए 45वां विष्णु महायज्ञ में प्रतिदिन दोनों समय भंडारे की व्यवस्था स्वामी भजनानंद वनवासी सेवा आश्रम में ही की जाती थी। मंगलवार को सामूहिक विवाह के समापन पश्चास्त नगर के सांथ बाहर से हजारों की संख्या में पहुंचे सभी भक्तों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक बोधराम कंवर, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमेन अशोक कुमार चतुर्वेदी, महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज, स्वामी अमेकानंद महाराज, स्वामी सर्वेश्वरानंद महाराज, स्वामी गंगेश्वरानंद महाराज, स्वामी योगानंद महाराज, आचार्य श्री राममूर्ति महाराज, आचार्य दिनेश, साध्वी गिरिजेश नंदनी, मोहनलाल अग्रवाल मंच पर उपस्थित रहे।



विवाह मंडप में बैठे नवदंपती।



उपस्थित जनसमुदाय

#### सदगुरू देव भगवान ने सच्चे मन से की लोगों की सेवा : हरिहरानंद

धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती महराज ने बताया कि हमारे सदगुरुदेव स्वामी शारदानंद सरस्वती वैसे तो मूल मैनपुरी, प्रयागराज, अमरकंटक में विराजमान रहे हैं लेकिन केंदई आश्रम में आगमन होने पर उनका यहां के ग्रामीणों के रहन सहन को देखते हुए उन्होंने यहीं रहकर यहां के ग्रामीणों की सेवा करने का मन बना लिया व तभी से सद्गुरु देव के द्वारा ग्रामीणों के लिए इसी आश्रम में मुफ्त शिक्षा रहने के लिए आवास व प्रतिदिन दोनों समय भोजन की व्यवस्था की गई व समय आने पर निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह जैसे महान कार्य करने का सिलसिला शुरू हुआ जो अब तक चल रहा है।

#### स्वामी जी का आश्रम से अलग ही लगाव रहा : बोधराम

स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम केंदई में हुए धार्मिक सामूहिक अनुष्ठान कार्यक्रम के अध्यक्ष बोधराम कंवर ने बताया कि जब से मैं इस आश्रम से जुड़ा हुआ हूं मुझे काफी आत्मिक लाभ हुआ है। इस आश्रम में पहले काफी कमियां थी लेकिन स्वामी शारदानंद सरस्वती के आशीर्वाद से वह सभी कमियां दूर हो गई। महराज का इस आश्रम से कुछ अलग ही लगाव था। इस आश्रम में आसपास के सभी ग्रामीण बच्चे मुफ्त में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। साथ ही महराज श्री ने उन सभी बच्चों के लिए आश्रम में ही प्रतिदिन भोजन व रहने के लिए बेहतर व्यवस्था की हुई है। इस आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी बच्चो को उत्कृष्ट शिक्षा भी प्रदान की जा रही है।

#### देश -विदेश से शामिल हुए लोग

इस आयोजन में अमेरिका से संजीव चोपड़ा, नोएडा से शिवनाथ यादव, नरेंद्र गुप्ता, दिल्ली से योगेश शर्मा, रवि प्रकाश, पेंड्रा से शुशील मित्तल, मेरठ से ज्योति गर्ग, नेवरा से शंकर लाल शर्मा, बिलासपुर से सुरेश अग्रवाल सीए, अग्रवाल सभा बिलासपुर के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, अम्बिकापुर से मोहन अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, रायपुर से अनिल अग्रवाल जयदुर्गा, महेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल,मनोज सिंह कवर्धा, राधेश्याम अग्रवाल कोतबा, परसराम बंसल हापुड़, रायगढ़ से अजय अग्रवाल, कोरबा से अशोक मोदी, कटघोरा से मदन मोहन जोशी, सागरमल धनोंदिया, गिरधारीलाल अग्रवाल, शंकर लाल अग्रवाल, पवन गोयल, नारायण गोयल, गोपाल शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, पवन गर्ग, पवन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, केशव अग्रवाल, अजय धनोदिया, जुगल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, भरत अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, अरुण जोशी, चोटिया से रमेश गर्ग, मोरगा से पप्पी अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, गुरसिया से मोहन अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, बतौली से राजेश गर्ग, अंकित गर्ग, विकास गर्ग, चंद्रकांत, कोरबा से, सुरेश गुप्ता, रमेश गर्ग, भरत अग्रवाल, विजय गर्ग मदन मोहन जोशी सहित सभी भक्त उपस्थित रहे।

### राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर हुई वारदात से सनसनी

# बीच शहर गन पाइंट पर सराफा व्यापारी से लूट हथौड़ी से सिर पर वार कर किया घायल

**बिलासपुर।** शहर के राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर मंगलवार रात करीब 9 बजे सनसनीखेज वारदात हुई। अज्ञात बदमाशों ने सराफा कारोबारी संतोष तिवारी को रास्ते में रोककर बेरहमी से मारपीट की। सिर पर हथौड़ी से वार किया और उनकी रेनॉल्ट कार लूटकर फरार हो गए। घायल कारोबारी को प्रथम हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके और आसपास का सीसीटीवी फूटेज खंगाल रही है। साथ ही जिले के आसपास और पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है। वारदात के सीसीटीवी फूटेज में कैद होने की भी जानकारी मिल रही है जिसके आधार पर पुलिस जांच कर रही है।

सरकंडा पुलिस के मुताबिक राजकिशोर नगर स्थित तुलसी आवास निवासी संतोष तिवारी की राजकिशोर नगर चौक पर ही महामाया ज्वेलर्स नाम से सराफा दुकान है। मंगलवार की रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर अपनी रेनाल्ट कार (क्रमांक सीजी10 एएच 7707) से घर की ओर से जा रहे थे। राजकिशोर नगर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज रोड के पास दो गाड़ियों में अज्ञात लोगों ने उनका रास्ता रोका। इससे पहले की श्री तिवारी कुछ समझ पाते अज्ञात लोगों ने कार का दरवाजा खोला और पिस्टल के बट और हथौड़ी से श्री तिवारी के सिर पर वार कर दिया। इससे श्री तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे पहले कि आसपास के लोग मौके पर पहुंचते आरोपियों ने श्री तिवारी को कार से निकालकर जमीन पर पटक दिया और उनकी कार लेकर फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायल श्री तिवारी को प्रथम हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक आसपास के सीसीटीवी फूटेज खंगाली जा रही हैं साथ ही पूरे क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है।



#### पहले भी इस तरह की हो चुकीं हैं घटनाएं

21 अगस्त 2022 को गोंड़पारा इलाके में दीपक ज्वेलर्स में इसी तरह लूट की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई थी। तीन नकाबपोश युवक एक बाइक में सवार होकर दीपक ज्वेलर्स पहुंचे और कट्टा तथा चाकू दिखाकर दुकान को लूटना शुरू कर दिया। दुकानदार दीपक सोनी ने जब इसका विरोध किया तब एक लुटेरे ने सोनी पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गए थे।- इसी तरह 25 जनवरी 2021 को उसलापुर मुख्यमार्ग स्थित सतीश्री ज्वेलर्स में हथियार बंद युवकों ने लूट की कोशिश की थी। चार लूटेरे लूट की नीयत से गन तान कर ज्वेलर्स संचालक आलोक सोनी को धमकाने का प्रयास किया लेकिन ज्वेलर्स संचालक ने बहादुरी दिखाई और भिड़ गया। इस दौरान फायरिंग में आलोक के दोनों बाह में गोली लगी थी और अपोलो में भर्ती कराया गया था।

#### मौके से जिंदा कारतूस और मैगजीन मिली

पुलिस ने मौके की जांच की तो एक मैगजीन और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं जो चले नहीं थे। इसके बावजूद आसपास के लोगों में गोली चलने की अफवाह फैल गई। पुलिस यह जांच कर रही है कि क्या आरोपियों के पास हथियार था या सिर्फ डराने के लिए रखा गया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना स्थल से पुलिस ने एक पैशन प्रो बाइक ( सीजी 10 पी 0331) और एक कार ( सीजी 10 बीजे 8147) बरामद की है, जिन्हें आरोपी छोड़कर भाग निकले हैं। इससे पुलिस को आशंका है कि वारदात में एक से अधिक वाहन और कई आरोपी शामिल थे।

#### व्यापारी की कार में थे लाखों के जेवरात

प्राथमिक जानकारी के अनुसार लूटी गई कार में सोने-चांदी के आभूषण रखे होने की बात सामने आई है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी। वारदात के पीछे लूट की साजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक व्यापारी के ठीक होने के बाद बयान लिया जाएगा। फिलहाल मौके पर सरकंडा पुलिस के साथ ही शहर भर के थाने के स्टाफ के साथ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। शहर में नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

### जिले में 31 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा जारी हाई स्कूल/ हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा कार्यक्रम एवं शारीरिक प्रशिक्षण पत्रोपाधि परीक्षा 20 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन एवं छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं तैयारी में व्यवधान को रोकने हेतु विद्यार्थियों के हित में छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 18 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में 16 फरवरी से 31 मार्च तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। साथ ही विशेष परिस्थितयों एवं शासकीय कार्यो के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग करने की अनुमति संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय दण्डाधिकारी सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों एवं उपरोक्त अधिनियम में उल्लेखित शर्तों के अधीन देंगे।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग में नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### उद्योग मंत्री के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने वाली महापौर ने दी विकास की नई ऊर्जा

# महापौर के एक वर्ष के कार्यकाल में शहर को मिली महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत का 1 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा, इस दौरान शहर को अनेकों महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ प्राप्त हुई, एक ओर जहाँ सडक, पानी, बिजली, साफ-सफाई, उद्यानिकी, पर्यावरण संरक्षण व शहर सौंदर्यीकरण की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किये गये, वहीं शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाया गया। एक ओर जहाँ कोरबा देश के टॉप-10 स्वच्छ शहरों में शामिल हुआ, तो वहीं दूसरी ओर स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर के ऐतिहासिक आयोजन के माध्यम से कोरबा का नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के सुनहरे पृष्ठों पर दर्ज कराया गया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के कार्यकाल के 2 वर्ष 1 माह का समय लगभग पूर्णता की ओर है, उनके द्वारा कोरबा के विकास के लिये लगातार कार्य किये जा रहे थे, इसी बीच जनता जनार्दन के आशीर्वाद से श्रीमती संजूदेवी राजपूत कोरबा की महापौर निर्वाचित हुई तथा कोरबा के विकास के लिये उद्योग मंत्री श्री देवांगन के कार्यों को आगे बढ़ाने के कार्य में जुट गयी। इसका सुखद परिणाम रहा कि इस अवधि में एक ओर जहाँ अरबों रूपये के विकास कार्य स्वीकृत कराये गये, विकास कार्यों को गति दी गई, तो वहीं दूसरी ओर मूलभूत सुविधाओं व नागरिक सुविधाओं की बेहतरी की दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य किये गये।



संजूदेवी राजपूत

#### टाप-10 शहरों में शामिल कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के 1 वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्ध रही है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में कोरबा देश के टाप-10 स्वच्छ शहरों में शामिल हुआ तथा स्वच्छता रैंकिंग में देश में 8वें स्थान का सम्मान अर्जित किया। बीते 1 वर्ष में शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार देखने को मिला तथा शहर के कचरा डम्पिंग प्वाइंट समाप्त किये गये, आज इन डम्पिंग प्वाइंट के स्थान पर स्माल गार्डन नजर आ रहे हैं, इस 1 वर्ष की अवधि में डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की व्यवस्था मजबूत की गई है तथा कचरे का उचित प्रबंधन भी सुनिश्चित कराया गया है।

#### 573 नये कार्यों की स्वीकृति

इस अवधि में नगर निगम के सभी 67 वार्डों में सड़क, नाली, पानी, बिजली व अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताओं एवं सुविधाओं से जुड़े 573 नवीन विकास कार्यो को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, जिनमें से कुछ कार्य पूर्णता की ओर, कुछ प्रगति पर एवं कुछ प्रक्रियाधीन है। वार्ड की छोटी-बड़ी आवश्यकताओं को पूरा करने वाले लगभग सौ करोड़ रूपये के स्वीकृत इन विकास कार्यों के साथ-साथ इस अवधि में अन्य बड़ी परियोजनाओं, बडे विकास कार्यों हेतु लगभग 8सौ करोड़ रूपये की स्वीकृति दी जा चुकी है।

